**समय : २.०० घंटे** **पूर्णांक : ६०**

**सूचना : १. सभी प्रश्न अनिवार्य है।**
**२. उत्तर पत्रिका में प्रश्न क्रमांक, उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें।**

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(४०)**

(क) साहित्येतिहास को स्पष्ट करते हुए साहित्य के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालिए।
(ख) संत काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
(ग) रामभक्ति काव्यधारा की प्रवृत्तियों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
(घ) रीतिकालीन परिवेश को विस्तार से रेखांकित कीजिए।

**प्रश्न २. निम्नलिखित में से किन्ही दो पर टिप्पणियाँ लिखिए।** **(१०)**

(च) नाथ साहित्य।
(छ) नक्शबंदी सम्प्रदाय।
(ज) कृष्ण भक्ति काव्य के कवि – सूरदास।
(झ) रीतिबद्ध काव्य के प्रमुख कवि। (किन्ही दो कवियों का परिचय)

**प्रश्न ३. (ट) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(०५)**

i) हिंदी साहित्य के इतिहास का क्रमिक काल विभाजन सर्वप्रथम किस विद्वान ने किया है?
ii) अलवार भक्त किसके उपासक थे?
iii) रामभक्ति काव्य पर किस दर्शन का प्रभाव पड़ा हैं?
iv) घनानंद किस बादशाह के यहाँ मुंशी थे?
v) 'रीतिसिद्ध' काव्यधारा के प्रमुख कवि कौन हैं?

**प्रश्न ३. (ठ) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।** **(०५)**

i) आठवी शती में स्वयंभू द्वारा रचित ग्रंथ का नाम बताइए?
अ) चंदनबालारास आ) पउम चरिउ इ) भरतेश्वर बाहुबली रास ई) रेवंतगिरिरास

ii) निम्नलिखित में से रैदास किस काव्यधारा के कवि हैं?
अ) सूफी काव्य आ) कृष्णभक्ति काव्य इ) संत काव्य ई) रामभक्ति काव्य

iii) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी भक्ति का उदय कहाँ से मानते हैं?
अ) दक्षिण आ) पूर्व इ) पश्चिम ई) सिंध

iv) निम्नलिखित में से कौनसे युग को स्वर्ण युग कहा जाता हैं?
अ) आदिकाल आ) भक्तिकाल इ) रीतिकाल ई) आधुनिक काल

v) रीतिमुक्त काल के कवियों का नारी के प्रति दृष्टिकोण कैसा था?
अ) भावुक आ) उदान्त इ) कलुषित ई) काल्पनिक

**********



XSAGARDADMINY701E4BXSAGARDADMINY701E4B